हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 26 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 सारंगढ़ में जिला स्तरीय रोजगार मेला में 52...



12 गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 3 अक्टूबर से

बलौदाबाजार। जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन बलौदाबाजार में 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2026 तक होगा। स्पर्धा मे पांचो संभागों के 480 खिलाडी कुराश, रग्बी एवं नेटबाल मे दमखम दिखाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतियोगिता की बेहतर तैयारी की जा रही है। कुराश मे आयु वर्ग 14, 17, 19 बालक एवं बालिका, रग्बी आयु वर्ग 14 बालक एवं बालिका व नेटबॉल आयु वर्ग 19 बालक एवं बालिका की प्रतियोगिता संपन्न होगी। प्रतियोगिता में राज्य के पाँच संभागों से 240 बालक, 240 बालिका एवं 100 आफिशियल कुल 580 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए आवास स्थल रायपुर संभाग बालक के लिए सेजेस एमडीव्ही अग्रेजी विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए लक्ष्मी प्रसाद कन्या उ.मा.विद्यालय बलौदाबाजार, बिलासपुर संभाग बालक के लिए आवास शाश्वत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए संस्कार उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार, दुर्ग संभाग बालक के लिए ज्ञान गंगा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए एक्स्ट्रा आडनरी स्कूल बलौदाबाजार, बस्तर संभाग बालक के लिए पं. चक्रपाणि शुक्ल सेजेस हिन्दी माध्यम बलौदाबाजार, बालिका के लिए गुरूकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, सरगुजा संभाग बालक के लिए सेजेस एमडीव्ही अग्रेजी विद्यालय बलौदाबाजार, बालिका के लिए लक्ष्मी प्रसाद कन्या उ.मा.विद्यालय बलौदाबाजार में रखी गई है। खेल का आयोजन कुराश के लिए नगर भवन बलौदाबाजार, नेटबॉल के लिए जिला स्टेडियम(लॉन टेनिस मैदान) बलौदाबाजार, रग्बी के

सड़क-नाली की बदहाली पर फूटा गुस्सा, शिवरीनारायण रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में आज व्यापारियों ने नगर की बदहाल व्यवस्था और मूलभूत समस्याओं को लेकर पूर्ण नगर बंद रखा है। सड़क और नाली की समस्या से परेशान व्यापारियों एवं नगरवासियों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। शिवरीनारायण नगर में लंबे समय से सड़क और नाली से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि कई जगह सड़क की स्थिति खराब है, वहीं नालियों की उचित व्यवस्था नहीं होने से आम लोगों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इन्हीं समस्याओं को लेकर आज व्यापारियों ने एकजुट होकर अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सुबह से ही नगर की कई दुकानें बंद नजर आईं और बाजार में बंद का व्यापक असर देखने को मिला।व्यापारियों ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष को आड़े हाथों लिया। व्यापारियों का कहना है कि नगर की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है।

- व्यापारियों ने नगर पंचायत के खिलाफ जताया आक्रोश





जल्द समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

व्यापारियों ने साफ कहा कि सड़क और नाली जैसी मूलभूत समस्याओं का जल्द समाधान किया जाना चाहिए, ताकि नगरवासियों और व्यापारियों को राहत मिल सके।अब देखने वाली बात होगी कि व्यापारियों के इस पूर्ण नगर बंद और विरोध के बाद नगर पंचायत प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाता है।

बिजली गुल रहने से शहर के कई हिस्से अंधेरे में डूबे रहे

रिसदा स्कूल में जलभराव, घुटनों तक भरे पानी से गुजरने को मजबूर मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रिसदा

जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रिसदा के प्रांगण में भारी जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। स्कूल परिसर में पानी भर जाने से स्कूली बच्चों समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं और रसोइयों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।परिसर से पानी बाहर निकालने के लिए जल निकासी द्वार और नाली की व्यवस्था तो है, किंतु वह पूरी तरह कचरे से पट चुकी है। नाली में कचरा जमा होने के कारण पानी की निकासी बेहद धीमी गति से हो रही है। बारिश का पानी जितनी तेजी से जमा हो रहा है, उतनी तेजी से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इसी वजह से स्कूल के मुख्य मैदान में लगातार जल जमाव की स्थिति बनी हुई है।घुटनों तक भरे पानी के बीच से होकर बच्चों को कक्षाओं तक जाना पड़ रहा है। इससे न सिर्फ बच्चों के फिसलकर चोटिल होने का डर है, बल्कि परिसर में गंदगी और जलजनित बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों को भी इस अव्यवस्था के बीच काम करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाली की तत्काल सफाई कराने की मांग की है।



अब तक 1054.6 मिमी औसत वर्षा

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 25 सितंबर तक कुल 9491.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वर्षा 1054.6 मिमी है। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार टुण्डरा में 1249 मिमी, बलौदाबाजार में 1178.2 मिमी, पलारी में 1178.8 मिमी, लवन में 1019.3 मिमी, सुहेला में 999.1 मिमी, सिमगा में 1012.04 मिमी, कसडोल में 995.2 मिमी, भाटापारा में 996.32 मिमी तथा सोनाखान में 863.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। लगातार बारिश के चलते जिले में मौसम का असर जनजीवन, यातायात और विद्युत व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है।

तेज बारिश से ब्लैकआउट, घंटों गुल रही बिजली, अंधेरे के बीच गणपति विसर्जन

बलौदाबाजार। जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। शुक्रवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। शाम के समय तेज बारिश के बाद जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के कई हिस्सों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। समाचार लिखे जाने तक शहर में तीन घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी थी। इसके चलते लोगों को बारिश और अंधेरे के बीच परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज बारिश के कारण जहां सड़कों और बाजार क्षेत्रों में आवाजाही प्रभावित हुई, वहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। शुक्रवार को दिनभर बिजली की आंख-मिचौली जारी रही। शाम को बारिश तेज होने के बाद लंबे समय तक बिजली गुल रहने से शहर के कई हिस्से अंधेरे में डूबे रहे। इधर, गणेश उत्सव के समापन के अवसर पर विभिन्न गणेश समितियों द्वारा प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्यक्रम भी जारी रहा। तेज बारिश और अंधेरे के बावजूद समितियों के सदस्य प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थलों तक पहुंचे। बारिश के बीच श्रद्धालुओं में उत्साह भी देखने को मिला।



शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा, कोर्ट ने लगाया 30 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की* जा रही है। इस दौरान चेकिंग अभियान में थाना हथबंद पुलिस टीम द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 02 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन दोनों प्रकरणों में वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 24 सितंबर को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 15,000-15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों को कुल 30,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते हुए, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



वृद्ध महिला के घर में घुसकर गाली-गलौज मारपीट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पहंदा में वृद्ध महिला के घर के सामने अश्लील गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी चन्द्रकांत नवरंगे उर्फ यनु (19 वर्ष 9 माह) पिता शिवकुमार नवरंगे, निवासी ग्राम मुलमुला, थाना मुलमुला, जिला जांजगीर-चांपा, अमन सारथी (20 वर्ष) पिता कैलाश सारथी, निवासी ग्राम मुलमुला, थाना मुलमुला, जिला जांजगीर-चांपा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल सहित अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार ग्राम पहंदा निवासी 60 वर्षीय जानकी नवरंगे ने शिकायत दर्ज कराई कि 23 सितंबर की शाम करीब 4 बजे वह अपने घर के सामने बैठी थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला चन्द्रकांत नवरंगे और उसका साथी अमन सारथी नशे की हालत में वहां पहुंचे और अश्लील गाली-गलौज करने लगे। मना ⏭शेष पेज 10 पर



गोपालपुर में 25 लाख के निर्माण कार्यों में फर्जीवाड़े की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

जनपद पंचायत बिलाईगढ के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्राम गोपालपुर में नया तालाब, सन- 2015-2016 में स्वीकृत हुआ था जिसकी राशि 8 लाख 46 हजार एवं गौशाला में डबरी, कुआं निर्माण स्वीकृति राशि 16 लाख 63 हजार कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुआ था। जो रोजगार गारंटी योजना के तहत है जिसका कार्य एजेंसी श्री राम दयाल साहू तत्कालीन सरपंच थे, उपरोक्त कार्य के भ्रष्टाचार के जांच के लिए जीवन लाल साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया था और जिला स्तरीय जांच टीम की मांग की गई थी। लेकिन जिला स्तरीय जांच टीम गठित नहीं हुआ। उनके स्थान पर जनपद स्तर जांच गठित किया गया। जिसमें जांच अधिकारी समारु लाल प्रेमी, सह आ.ले.परी. करा. अधिकारी एवं अनील निराला सब इंजीनियर ⏭शेष पेज 10 पर

- स्थल निरीक्षण में नहीं मिले नया तालाब, डबरी व कुआं



पलारी में बाउंड ओवर की शर्त तोड़ने वाले का 10 हजार का बंधपत्र जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन, में क्षेत्र में शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक व उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शांति भंग करने की नीयत से बाउंड ओवर (बंधपत्र) की शर्तों का उल्लंघन करने वाले अनावेदक के विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसते हुए उसका बंधपत्र जप्त कराया गया है। थाना पलारी के इस्तगासा क्रमांक 170/2026 के आधार पर न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी पलारी द्वारा दिनांक 25 मई को अनावेदक सत्यप्रकाश घृतलहरे से क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 126 के अंतर्गत 10,000/- (दस हजार रुपये) का बंधपत्र निष्पादित कराया गया था। इसके उपरांत भी अनावेदक द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करते हुए बंधपत्र की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया, जिस पर थाना पलारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। न्यायालय एसडीएम पलारी द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस ⏭शेष पेज 10 पर



दिव्यांगजन चिन्हांकन सह वितरण शिविर में 29 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

सेवा संकल्प अभियान से सीधे जनता तक पहुंच रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को नगर भवन बलौदाबाजार में दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन प्रमाणीकरण एवं ऑन द स्पॉट कृत्रिम अंग, कैलिपर्स एवं स्प्लिंट वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर मे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिविर मे 29 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और कैलिपर्स निर्माण कर वितरित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने देश औऱ प्रदेश मे सेवा संकल्प अभियान चल रहा है। इस अभियान के माध्यम से सरकार लोगों के बीच पहुंच रही औऱ उनसे जुड़कर योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माता है औऱ भारत को विकसित बनाने की ओर अग्रसर हैं। हम सब प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के आह्वान और विजन को साकार करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने की दिशा मे काम कर रहे हैं। इस दौरान मंत्री श्री वर्मा ने कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स प्राप्त करने वाले दिव्यांग से मुलाक़ात की औऱ कुशलक्षेम पूछते हुए उनके अनुभव जाना। उन्होंने दिव्यांगो से कहा कि जितने दिव्यांगो का पंजीयन हुआ उन सभी को पात्रता औऱ आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण वितरित की जाएगी।



5 विकासखंडों में 775 पंजीयन 199 को मिले उपकरण

बताया गया कि 21 सितम्बर से 25 सितम्बर तक़ सभी 5 विकासखंडों मे दिव्यांगजन चिन्हांकन सह वितरण शिविर मे लगभग 775 दिव्यांगजनों का पंजीयन एवं 199 को सहायक उपकरण निःशुल्क मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महाले, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे दिव्यांगजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर व बिलासपुर
नर्सिंग शिक्षा, चिकित्सा सेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में 25 वर्षों से अग्रणी एवं विश्वसनीय संस्था

सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर विगत 25 वर्षों से नर्सिंग शिक्षा, चिकित्सा सेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण व गुणवक्ता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही एक प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय संस्था है। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें ज्ञान, कौशल, अनुशासन, सेवा, संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों से जोड़कर एक कुशल एवं संवेदनशील नर्सिंग प्रोफेशनल के रूप में तैयार करना है। 25 वर्षों के अनुभव के दौरान संस्था ने नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यहां विद्यार्थियों को विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों की देखभाल, चिकित्सा कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं को करीब से समझने का अवसर मिलता है।

शासन ने कॉलेज की गुणवक्ता को देखते हुए सबसे पहले सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर को सभी शासकीय चिकित्सालयों में क्लिनिक प्रशिक्षण की ट्रेनिंग की अनुमती प्रदान की है जैसे:-
- शासकीय 1400 बिस्तर वाला भीमराव अम्बेडकर अस्पताल (शासकीय मेडिकल कॉलेज)
- शासकीय जिला चिकित्सालय, रायपुर-बिलासपुर
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रायपुर
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रायपुर

प्राईवेट बड़े अस्पतालों में नर्सिंग छात्रों को सिखने का मौका या मरिजों को हाथ लगाने भी नही दिया जाता है, एसे में छात्र ट्रेनिंग कैसे सिखेंगे वही दुसरी और शासकीय अस्पतालों में Hand On ट्रेनिंग मरीजे में खुद करते हैं। तभी प्रेक्टिकल नालेज बहुत अच्छा मिलता है, इसलिए सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों को शासकीय कॉलेज अस्पतालों व प्राईवेट अस्पतालों में तुरन्त प्लेसमेंट के साथ अच्छी सैलरी में होता है।

CG COLLEGE OF NURSING

25 वर्षों का विश्वास और समृद्ध अनुभव
- INC, छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
- संस्था के 25 सालों में अब तक 2125 विद्यार्थियों में से 960 विद्यार्थी AIIMS शासकीय अस्पतालों में व 1100 से अधिक विद्यार्थी निजी अस्पताल एवं अन्य राज्यों व विदेशों में अपनी सेवायें दे रहे हैं।
- चेयरमैन डॉ. नवीन बागरेचा के नेतृत्व में हर वर्ष 10 बेटियों को निःशुल्क नर्सिंग शिक्षा दिया जाता है।

हमारे यहां बस व हॉस्टल सुविधा के साथ 25 वें वर्ष के प्रवेश पर सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थीयों के लिए विशेष छात्रवृति योजना
रू. 25000/- से 40000/- तक छात्रवृत्ति
PNT व 12वीं अंक के आधार पर (प्रथम 10 विद्यार्थीयों के लिए)

रायपुर ▶ नया पता : अटल चौक, ग्राम पंचायत कार्यालय के पास, निर्मल ज्ञानोदय स्कूल के पीछे, सेजबहार रोड, बोरियाकला
पुराना पता : न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर
बिलासपुर ▶ द्रोणा बचपन स्कूल कैम्पस, कोटा रोड, परसदा, सकरी
99935 82707
77229 91707
77229 95707
www.cgnursing.com

खबर संक्षेप

महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। शराब की अवैध बिक्री, परिवहन के मामले में बसना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम सरकंडा में आरोपी प्रेमसाय गहीर पिता मेहेरसिंग गहीर (59 वर्ष) के कब्जे से कुल 30 लीटर महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह गढ़फुलझर से तोषगांव रोड किनारे ग्राम गढफुलझर से आरोपी विद्याधर रात्रे पिता सोनसाय रात्रे (30 वर्ष) निवासी तोषगांव के कब्जे से करीबन 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मिक्चर का खाली पैकेट फेंकने को लेकर विवाद, मारपीट

महासमुंद। मिक्चर का खाली पैकेट फेंकने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कोमल बाई सतनामी ने बताया कि वह वार्ड नं 01 मचेवा महासमुंद में किराना दुकान चलाती हैं। 24 सितंबर को शाम करीबन 5 बजे खाली मिक्चर पैकेट घर के सामने फेंकने पर पडोसी के मंजू साहू व अन्य दो लोगों के द्वारा गाली गलौज कर डंडे से उसके साथ मारपीट की गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह मचेवा की मंजू साहू ने बताया कि वह गांव में फैंसी दुकान चलाती हैं। 24 सितंबर की शाम करीबन 5 बजे मेरे पड़ोस मे रहने वाली कोमल सतनामी व अन्य के द्वारा खाली डिस्पोजल एवं पानी पाउच फेंकने की बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का तथा डंडे से मारपीट की गई साथ ही दाहिने हाथ के दो उंगलियों को दांतों से काट लिया।

सुलोचना को मिली डाक्टरेट की उपाधि



महासमुंद। शासकीय कन्या उमावि सरायपाली में पदस्थ रसायन शास्त्र की व्याख्याता, स्व एनडी पटेल (शिक्षक) और कलावती की सुपुत्री एवं डीके नायक (प्राचार्य) की पत्नी सुलोचना नायक को उनके शोध विषय 'रासायनिक खाद्य परिरक्षकों का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव' पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। नायक बचपन से ही मेधावी रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा शास कउमा विद्यालय पिथौरा में हुई तथा हायर सेकेंडरी पढ़ाई शासकीय रणजीत कृषि उमा विद्यालय पिथौरा से स्वतक शास दुब महिला महाविद्यालय रायपुर एवं एम-एससी पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पूर्ण किया है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ सुता पटनायक के मार्गदर्शन में किया। उनके शोध पत्र कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विज्ञान पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय चेतना, त्याग और प्रेरणा के प्रतीक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में विशेष सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित गणमान्य नागरिकों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर कुल 1420 लोग सामूहिक गायन के साक्षी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ हुआ। प्रातः 11 बजे से 11:03 बजे तक विद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया। कार्यक्रम में धरसीवां विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी विशिष्ट अतिथि तथा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अनिल सोनी कार्यक्रम की अध्यक्ष रहीं। कार्यक्रम के संयोजक सीताराम यादव, सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खरोरा के उपखंड संघचालक, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर रजनी मिंज, नोडल प्राचार्य भरत देवांगन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरोरा, नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, सुमितसेन नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सूरज सोनी, डॉ. गुलाब टिकरिहा नरेंद्र ठाकुर, विकास ठाकुर, भाजपा प्रवक्ता, थाना प्रभारी विद्या भारद्वाज तथा पूर्व छात्र लोमश देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता की। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। आयोजकों के अनुसार देशभर में आयोजित किए जा रहे सामूहिक गायन के माध्यम से इस ऐतिहासिक अवसर को स्मरण किया जा रहा है तथा सामूहिक सहभागिता के जरिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रयास में भी भागीदारी की जा रही है।





'वंदे मातरम्' त्याग और प्रेरणा जुड़ा महत्वपूर्ण गीत

मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा ने 'वंदे मातरम्' की विशेषताओं और इसकी गौरवशाली 150 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना की भावना से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रप्रेम एवं देश के प्रति दायित्व की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना, त्याग और प्रेरणा की भावना से जुड़ा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय गीत है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होने का अवसर नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व, गौरव और राष्ट्रीय एकता से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, समस्त आचार्य-दीदियां, भैया-बहन, पूर्व छात्र, अभिभावक, पूर्व अभिभावक एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने सामूहिक गायन के इस गौरवमयी क्षण के साक्षी बनकर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ अभियान

जिले में गूंजा वंदे मातरम, 600 विद्यार्थियों ने एक स्वर में किया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में गुरुवार को राष्ट्रभक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर में करीब 600 छात्र-छात्राओं ने एक साथ संपूर्ण 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया। एक स्वर में गूंजे राष्ट्रगीत से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर हो गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के निर्देशानुसार देशभर के सरस्वती शिशु मंदिरों एवं विद्या भारती से संबद्ध विद्यालयों में आयोजित इस सामूहिक गायन अभियान में बलौदाबाजार विद्यालय ने भी सहभागिता की। आयोजकों के अनुसार 25 सितंबर को देशभर में करीब 25 हजार स्थानों पर एक साथ सामूहिक 'वंदे मातरम' का गायन किया गया। इस व्यापक आयोजन को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मान्यता मिलने की जानकारी भी कार्यक्रम के दौरान दी गई।

'नमामि भारतम' पर सांस्कृतिक प्रस्तुति

कार्यक्रम में 'नमामि भारतम' विषय पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना और एकता का संदेश दिया गया। आयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के संदर्भ में उनके विचारों एवं योगदान का भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डॉ. जय नारायण केसरवानी तथा अध्यक्ष विजय केसरवानी रहे। मुख्य वक्ता जीवन लाल कोसले के अलावा विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव रामनारायण कोसले, नीलम सोनी, शिव शंकर अग्रवाल, समन्वयक कमलेश ध्रुव, अनामिका, पूर्व प्राचार्य रमेश शर्मा, मनीष बनशाल सहित गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्राचार्या राजेश्वरी सोनी ने अतिथियों, प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों के प्रति आभार जताया। मंच संचालन अनुपा चंद्राकर ने किया।





इतिहास और महत्व की दी जानकारी

मुख्य वक्ता नोडल अधिकारी जीवन लाल कोसले ने विद्यार्थियों को 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इसकी रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी और इसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति का महत्वपूर्ण प्रतीक बना। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।



वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सशिमं में सामूहिक गायन, 644 लोग बने साक्षी

कसडोल। राष्ट्रीय भक्ति, चेतना, त्याग और प्रेरणा के प्रतीक राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में शुक्रवार को सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के आह्वान पर 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में कुल 644 लोगों ने एक साथ वंदे मातरम् का गायन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य के.आर. कैवर्त, अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा पार्षद नपं कसडोल, कार्यक्रम संयोजक एवं सचिव देवेंद्र साहू, पूर्व व्यवस्थापक एसके मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं साक्षी के रूप में शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य द्वय हेमलाल कैवर्त एवं चूड़ामणि साहू, समिति सदस्य शांतिकुमार साहू (शिक्षक), उपमन्यु वर्मा, चंद्रलेखा मिश्रा तथा प्राचार्य जयलाल मिश्रा सहित विद्यालय परिवार एवं अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने वंदे मातरम् की विशेषताओं और इसकी गौरवशाली 150 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना की भावना से जुड़ा हुआ है।

नई पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता से जोड़ने का अवसरः पुनेश्वर नाथ

पुनेश्वर ने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होना नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व, गौरव और राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत केवल गायन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के प्रति सम्मान, समर्पण और एकता की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों, समिति सदस्यों एवं अन्य लोगों ने एक स्वर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। विद्या भारती के आह्वान पर आयोजित इस सामूहिक गायन में 644 लोगों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

गणेश झांकी विसर्जन से पहले 15 असामाजिक तत्व भेजे गए जेल

खरोरा। थाना खरोरा पुलिसद्वारा गणेश झांकी विसर्जन को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने उद्देश्य से असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार प्रभावी एवं त्वरित प्रतिबंधात्मक कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्ग दर्शन में की जा रही है इसी क्रम में आज दिनांक 25/09/26 को पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्ति जो उपद्रवी प्रवृत्ति के है एवं शांति भंग कर सकते है विशेष निगरानी रखते हुए प्राप्त शिकायतों के आधार पर कुल 15 उपद्रवियों के खिलाफ त्वरित प्रतिबंधात्मक धारा में कार्यवाही कर सक्षम न्यायालय खरोरा पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर केंद्रीय जेल रायपुर भेजा गया। योगेश पिता राजकुमार कन्डरा उम्र 20 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र. 03 थाना खरोरा जिला रायपुर, ताराचंद उर्फ गड्डा पिता स्व.अलख राम यादव उम्र 31 साल साकिन खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, श्यामलाल उर्फ बाउ पिता जवाहर यादव उम्र 28 साल साकिन वार्ड नं. 07 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, किशन उर्फ गोपी पिता नंदकुमार पुरानिक उम्र 24 साल साकिन वार्ड नं. 07 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, धर्मेंद्र पिता भोला यादव उम्र 22 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र. 06 थाना खरोरा जिला रायपुर, अविनाश पिता राजकुमार भट्ट उम्र 20 साल साकिन खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, कोमल धीवर पिता संतोष धीवर उम्र 19 साकिन केशला वार्ड क्र. 03 थाना खरोरा जिला रायपुर, पंकज पिता भिरमनी महंत उम्र 19 साल साकिन खरोरा करियादामा चौक थाना खरोरा जिला रायपुर, लक्ष्मण उर्फ लाला पिता जवाहर ध्रुव उम्र 31 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र. 02 थाना खरोरा जिला रायपुर, मनीष पिता शंकर यादव उम्र 18 साल साकिन खरोरा करियादामा चौक थाना खरोरा जिला रायपुर, अतुल उर्फ सन्नी पिता नंदकुमार पुरानिक उम्र 20 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र. 11 थाना खरोरा जिला रायपुर, लकेश्वर उर्फ लक्की पिता नेतराम यादव उम्र 22 साल साकिन खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, पोषण पिता मुरारी लाल धीवर उम्र 20 साल साकिन रायखेड़ा थाना खरोरा जिला रायपुर ,डिगेश पिता धर्मेंद्र कोसरिया उम्र 26 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र. 10 थाना खरोरा जिला रायपुर

पूरन उर्फ पिक्कू पिता सेवाराम पाल उम्र 27 साल साकिन खरोरा वार्ड क्र. 07 थाना खरोरा जिला रायपुर को पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने केन्द्रीय जेल रायपुर रवाना किया गया।



आदर्श गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश प्रतिमा का विसर्जन

करही बाजार। आदर्श गणेश उत्सव समिति द्वारा आज करही बाजार में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



गणेश प्रतिमा को गाजे-बाजे और जयकारों के साथ विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। इस दौरान "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गणेशोत्सव का समापन किया।

गांजा की तस्करी कर रहे दो लोग गिरफ्तार, बसना पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा की तस्करी कर रहे दो लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17.70 लाख रुपए का 35 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि पलसापाली बैरियर में चेकिंग के दौरान ओडिशा के पदमपुर की ओर से एक संदिग्ध वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू ई 0801 तेज गति से आती दिखाई दी। जिसने चेकिंग को देख भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस ने रोका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम बृजलाल साहू पिता दशरथ साहू उम्र 30 साल टोंगोपथरा थाना पिथौरा और उमेश बोरे पिता भरत बोरे (24 साल) देवगांव थाना पारगांव जिला पुणे महाराष्ट्र होना बताया। संदेहियों ने बोलेरो वाहन के पिछले सीट में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए परिवहन करना बताया। तलाशी के दौरान 35.400 किग्रा कीमत 17,70,000 रुपए को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी)(ii) (सी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



स्कूटी से गांजा का परिवहन

स्कूटी से गांजा का परिवहन कर रहे एक युवक को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4,23,000 रुपए का 8 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि टेमरी नाका में जांच के दौरान खरियार रोड ओडिशा की ओर से आ रहे जुपिटर स्कूटी क्रमांक ओडी 08 एए 9146 को रोका गया। पूछताछ में स्कूटी चालक ने अपना नाम राघव अग्रवाल पिता गणेश अग्रवाल (19 वर्ष) निवासी बड़ी हवेली पोस्ट गोवर्धन ब्रम्हनान थाना गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश होना बताया। पुलिस ने 8.460 किलोग्राम गांजा कीमत 4,23,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(बी)(II)(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

कलेक्टर ने दिए यूपीएससी की तैयारी के टिप्स

फीस भरने और कॉलेज आने-जाने में मिल रही मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाज़ार

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने राज्य शासन द्वारा प्रदेश में अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना प्रारम्भ किया गया है। इस योजना के तहत विगत वर्ष छात्रावृत्ति प्राप्त डीके कॉलेज बलौदाबाजार के छात्राओं ने शुक्रवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं एसपी गौरव राय से मुलाक़ात की और छात्रावृत्ति शुरू करने पर राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने छात्राओं से छात्रावृत्ति के तहत मिली वित्तीय सहायता राशि का उपयोग पढ़ाई एवं भविष्य की तैयारी के सम्बन्ध मे जानकारी ली। छात्रों ने बताया कि इस राशि से कॉलेज के फीस भरने के साथ ही कॉलेज आने-जाने मे बस के किराया का भी काम आया। इस राशि से बहुत मदद मिली है। कलेक्टर ने सभी छात्राओं से कहा कि इस छात्रावृत्ति योजना के समबंध मे अपने आसपास के लोगों को भी बताएं ताकि अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री शर्मा ने यूपीएससी की तैयारी के सम्बन्ध मे बताया कि दृढ निश्चय लेकर लक्ष्य तय करें, इरादा मजबूत हो लेकिन किसी दबाव मे आगे न बढ़े। पढ़ाई बिलकुल मन लगाकर करें, ध्यान मे कोई भटकाव न हो। उन्होंने कहा कि असफलता से घबरायें नहीं क्योंकि यह मजबूती से आगे बढ़ने का साहस देता है।



एसपी ने डिजिटल सतर्कता की दी सलाह

एसपी गौरव राय ने कहा कि आज डिजिटल युग का दौर है जिसमें सदुपयोग करने के फायदे है लेकिन यह ध्यान भटकाता है यह भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की अग्रिम बधाई और शुभकामनायें दीं। उल्लेखनीय है कि अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के तहत ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर वार्षिक 30 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रेजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाती है जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी। किसी भी सरकारी स्कूल से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की हो। छात्रा ने किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय हो सकता है।

पेज 9 के शेष

वृद्ध महिला के घर...

करने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की और दरवाजे से धक्का दे दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के पति और पुत्र से भी मारपीट करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, इसके बाद चन्द्रकांत ने बाउंड्रीवाल के अंदर स्थित मकान का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया तथा पोर्च में खड़ी मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 904/2026 के तहत बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) एवं 333 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की तलाश शुरू की। घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 वाईयू 9824 सहित अन्य सामग्री जब्त की। दोनों आरोपियों को 24 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई।

गोपालपुर में 25 लाख...

22 सितंबर 2026 को जांच करने आए थे। जिसमें आवेदक एवं अनावेदक दोनों को बुलाएं थे। जिसमें आवेदक ही उपस्थित हुए तो जांच टीम ने ग्रामीणों के साथ में स्थल निरीक्षण करने पहुंचे, तो वहां नया तालाब, डबरी कुआं नहीं मिला। तो जांच टीम पुनः 24 सितंबर 2026 को आए एवं राम दयाल साहू तत्कालीन सरपंच एवं गांव के लोग उपस्थित थे। तो उन्होंने भक्तिन तालाब के निचे नया तालाब, डबरी, कुआं निर्माण कराया हूं कहकर अपना बयान लिखित में दिया है। जिसमें कुछ ग्रामीणों ने लिखीत में गवाही दी। दूसरी तरफ शिकायत कर्ता जीवन लाल साहू को कुछ ग्रामीणों ने स्थल में नया तालाब, डबरी, कुआं नही मिला लिखित में दिया। अब देखना होगा आगे जांच मे क्या परिणाम आएंगे। जांच टीम ने ग्रामीणों एवं मीडिया के समक्ष स्वीकार किया कि स्थल में निरीक्षण करने पर नया तालाब, डबरी, कुआं निर्माण नहीं पाया गया।

पलारी में बाउंड ओवर ...

का अनावेदक द्वारा प्रस्तुत उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर, न्यायालय द्वारा बीएनएस की धारा 135(3) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 25.05.2026 को निष्पादित 10,000/- का बंधपत्र जप्त करने का आदेश जारी किया गया है। अनावेदक सत्यप्रकाश घृतलहरे से 10,000/- की बंधपत्र जप्ती राशि तत्काल जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। राशि जमा न किए जाने की स्थिति में बीएनएस की धारा 491(2) के अनुसार उक्त राशि की वसूली भू-राजस्व की भांति की जाएगी। शांति बंधपत्र का उल्लंघन करने के कारण बीएनएस की धारा 141(1)(ख) के अंतर्गत अनावेदक को गिरफ्तार कर बंधपत्र की शेष अवधि तक कारागार (जेल) में निरुद्ध किए जाने की पृथक कार्यवाही की जा रही है।

खबर संक्षेप

नकली होलोग्राम लगाकर शराब तस्करी करने वाले सिंडिकेट पर हुई कार्रवाई



महासमुंद। नकली होलोग्राम और छत्तीसगढ़ स्टेट का लेबल लगाकर शराब की तस्करी करने वाले सिंडिकेट पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान कंटेनर, कार और तस्करों के घर से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया गया है। वहीं पुलिस ने इस दौरान 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सरायपाली पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करते 05 व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर युवक के साथ ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध महासमुंद सायबर थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मेहुल लूनिया पिता उमेश कुमार जैन (27 वर्ष) वार्ड नं 15 नेहरू चौक महासमुंद ने सायबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 02/02/2026 को उनके मोबाईल में नार्मल कॉल के माध्यम से मोबाईल नंबर 7024934475 से किसी विश्वजीत नाम के व्यक्ति का कॉल आया और मुझसे बोला कि वह शेयर मार्केट ट्रेड से संबंधित कॉल प्रोवाईड करता है और 30 प्रतिशत शेयर पर काम करते है। इस व्यक्ति ने मेरे पर्सनल डीमेट एकाउंट यूजर आईडी से ट्रेड कॉल द्वारा 70 से 80 हजार रुपए का नुकसान कराया। इसके कुछ दिनों के बाद दूसरे व्यक्ति, जिसने अपना नाम हर्ष भारद्वाज मोबाईल (नंबर 7223924991) से कॉल के माध्यम से बात कराया, कांफ्रेंस कॉल में हर्ष भारद्वाज ने उसे बताया कि इंडियन स्टॉक मार्केट में मेरी रूचि नहीं है, इस कारण मुझे फारेक्स ट्रेडिंग में काम करने के लिए आश्वस्त किया, तब उसने उसकी बातों में आकर दिनांक 07/02/2026 को मेरे पंजाब नेशनल बैंक के खाता से ब्रोकर ऋषि राठौर के केनरा बैंक के खाते में स्वयं के गूगल पे के माध्यम से रुपए जमा किया।

निधन

तिरिथबाई गेंदले

बलौदाबाजार। जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार शिवकुमार



गेंदले एवं रोहित कुमार गेंदले की माता तिरिथबाई गेंदले (92) का 25 सितंबर को निधन हो गया। श्रीमती गेंदले का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम करीलकुंडा, विकासखंड लोरमी, जिला मुंगेली में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दसलक्षण पर्व का समापन, मंदिर में गूंजी शांतिधारा, आज निकलेगा धार्मिक जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा





आत्मशुद्धि, संयम और तप की प्रेरणा देने वाले दसलक्षण महापर्व के दौरान तिल्दा-नेवरा का जैन समाज भक्ति और आध्यात्मिक साधना में डूबा रहा। मंदिर परिसर में प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा, पूजन-विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने आत्मकल्याण के साथ विश्वशांति और जीव मात्र के कल्याण की मंगलकामना की। दसलक्षण महापर्व जैन धर्म में आत्मा के दस उत्तम धर्मों—उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य—की आराधना का पर्व माना जाता है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी क्षमता और संकल्प के अनुसार उपवास, तप एवं संयम की साधना की। प्रतिदिन सुबह श्रद्धालु मंदिर में एकत्रित होकर अभिषेक एवं शांतिधारा में शामिल हुए। इसके बाद भक्ति-पूजन और विधान का आयोजन हुआ। धार्मिक आयोजनों के दौरान समाजजनों ने मन, वचन और कर्म की शुद्धि के साथ आपसी प्रेम, अहिंसा और सद्भाव का संकल्प लिया।

तपस्वियों की साधना की अनुमोदना : पर्व के दौरान निशा सुदेश जैन और श्रीमती नेहा सुरेंद्र जैन ने 10 उपवास, जबकि किरण अशोक नायक ने 16 कारण व्रत की साधना पूर्ण की। समाजजनों ने तपस्वियों की कठिन साधना और त्याग की अनुमोदना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। दसलक्षण पर्व की अंतिम भावना क्षमा और आत्मचिंतन से जुड़ी है। समाजजनों ने कहा कि पर्व हमें क्रोध, अहंकार, वैर और कटुता को त्यागकर क्षमा, मैत्री और सद्भाव को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जैन समाज के महेंद्र कुमार जैन, मंगल जैन, अध्यक्ष गौरव जैन, महामंत्री शैलेश जैन, कोषाध्यक्ष अमित जैन सहित मनोज जैन, नरेंद्र जैन, राकेश जैन, राजेश जैन, प्रफुल्ल जैन, सुदेश जैन, अनिल जैन, सुरेंद्र जैन, प्रवीण जैन, मनीष जैन, नीटी जैन, सौरभ जैन, नवीन जैन, विकी जैन, रानू जैन, पप्पू जैन, राहुल जैन, निलय जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महिला मंडल की सदस्यों ने भी धार्मिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता की। समाज पदाधिकारियों के अनुसार 27 सितंबर को धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा। पुरुष सदस्यों से सफेद वस्त्र तथा महिला सदस्यों से महिला मंडल की निर्धारित साड़ी में शामिल होने का आग्रह किया गया है। जुलूस के माध्यम से समाज अहिंसा, संयम, त्याग, क्षमा और आपसी सद्भाव का संदेश देगा।

3 नियोजकों ने 212 रिक्तियों के साथ दिया रोजगार का अवसर

सारंगढ़ में जिला स्तरीय रोजगार मेला में 52 युवाओं को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां



रोजगार की तलाश में अवसर की राह देख रहे जिले के शिक्षित युवाओं के लिए 25 सितंबर का दिन उम्मीद लेकर आया। सारंगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के अनुरूप रोजगार पाने का अवसर दिया। कुल 212 रिक्तियों के लिए आयोजित भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाइन पंजीकृत 290 आवेदनों में से 73 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए और 52 युवाओं का चयन किया गया। तीन नियोजकों की सहभागिता से आयोजित यह रोजगार मेला युवाओं के लिए नौकरी पाने के साथ अपने जीवन को नई दिशा देने का माध्यम बना। राज्य शासन की मंशा और कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के शिक्षित एवं योग्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें रोजगार से जोड़ना रहा। सारंगढ़ के पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मेले में युवाओं ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार में हिस्सा लिया।

इन प्रमुख कंपनियों ने दिए रोजगार के अवसर

वहीं मेसर्स श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर द्वारा फाइनेंशियल कंसल्टेंट, लोन ऑफिसर, इंश्योरेंस एडवाइजर और कलेक्शन ऑफिसर जैसे पदों के लिए अवसर उपलब्ध कराए गए। मेसर्स श्रीमीन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में युवाओं को शामिल किया गया। रोजगार मेले में पहुंचे युवाओं के लिए यह केवल साक्षात्कार में शामिल होने का अवसर नहीं था, बल्कि अपने भविष्य के लिए एक कदम आगे बढ़ाने का अवसर भी था। नौकरी मिलने से युवाओं के सामने नियमित आय, आत्मनिर्भरता और अपने परिवार की जरूरतों में योगदान देने की संभावनाएं मजबूत होती हैं। यही कारण है कि रोजगार का एक अवसर किसी युवा के लिए केवल नियुक्ति पत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके जीवन को आगे बढ़ाने का आधार बनता है।सेवा संकल्प अभियान के साथ आयोजित यह रोजगार मेला शासन और प्रशासन की उस पहल को सामने लाता है, जिसमें युवाओं को केवल योजनाओं की जानकारी देने के बजाय उन्हें वास्तविक अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

आत्मनिर्भरता और नियमित आय की राह हुई आसान

रोजगार मेले में विभिन्न निजी नियोजकों द्वारा वित्तीय सेवाओं, ग्राहक संबंध, ऋण, बीमा, वसूली और इलेक्ट्रिक मीटर तकनीशियन जैसे पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। इन अवसरों के माध्यम से युवाओं को उनके कौशल और योग्यता के अनुरूप निजी क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता मिला। निर्धारित पदों के लिए वेतनमान भी पद और नियोजक के अनुसार तय किया गया था, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ अपनी आय का साधन विकसित करने का अवसर मिला। इस रोजगार मेले में मेसर्स वेक्टर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सहभागिता की गई।

जिले में अनंत चतुर्दशी पर पर्युषण पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जैन समाज बलौदाबाजार में दस दिवसीय पर्युषण पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर उत्साह, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में इस अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान जिनेंद्र की पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा एवं निर्वाण लाडू अर्पित कर धर्म आराधना की। पर्युषण पर्व जैन धर्म का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व है। इस दौरान आत्मशुद्धि, संयम, तप, त्याग और अहिंसा की भावना के साथ उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य जैसे दस धर्मों की आराधना की जाती है। अनंत चतुर्दशी पर भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मोक्ष कल्याणक का स्मरण किया।

मूलनायक भगवान की शांतिधारा का सौभाग्य: मूलनायक भगवान की शांतिधारा का सौभाग्य स्वर्गीय नेमीचंद जी की स्मृति में दिनेश छाबड़ा, निश्चल छाबड़ा एवं कुमारी प्रीशा को प्राप्त हुआ। प्रतिदिन होने वाली शांतिधारा का सौभाग्य नीरज कुमार छाबड़ा, धीरज कुमार धवल दक्ष एवं समस्त छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। अनंत चतुर्दशी पर कलश अर्पित करने का सौभाग्य प्रवीण आदि छाबड़ा, संजय पाटनी, सुजल काला, तुषार पाटनी, संजय सोनाडी वाले, मनोज पाटनी, नीरज छाबड़ा, सुभाष छाबड़ा, मयूर छाबड़ा, शैलेश छाबड़ा, दिव्यांश जैन एवं श्रेयांस पाटनी को प्राप्त हुआ।

छाबड़ा परिवार को निर्वाण लाडू अर्पण का सौभाग्य

भगवान की निर्वाण आराधना के तहत निर्वाण लाडू की बोली आयोजित की गई। निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य रमेश कुमार, रितेश कुमार एवं शम्यक कुमार छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से निर्वाण लाडू अर्पित कर भगवान के मोक्ष कल्याणक का स्मरण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर धार्मिक उल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। दस दिवसीय पर्युषण पर्व के दौरान समाजजनों ने धर्म आराधना के साथ आत्मचिंतन, संयम, त्याग और सद्भाव का संदेश ग्रहण किया।

तिल्दा-नेवरा में भाजपा ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



भारतीय जनता पार्टी तिल्दा-नेवरा द्वारा गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के शहर अध्यक्ष सहित करीब आधा दर्जन कार्यकर्ता ही नजर आए। कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और फोटो खिंचवाने के बाद कार्यक्रम संपन्न हो गया। हालांकि, कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की कम संख्या शहर में चर्चा का विषय बनी रही। कार्यक्रम के बाद जारी विज्ञप्ति में भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन को राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का प्रेरणास्त्रोत बताया। नेताओं ने कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय की अवधारणा के माध्यम से उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

भाजपा नेता राम पंजवानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय विचारधारा को मजबूत आधार देने का काम किया। कार्यक्रम में भाजपा शहर उपाध्यक्ष सौरभ जैन, विधायक प्रतिनिधि डॉ. एलपी साहू, गोपाल साहू, सुरेश लखवानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपेक्षाकृत कम संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी को लेकर शहर में दिनभर चर्चा होती रही।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती

पलारी। ग्राम पंचायत बिंनौरी के बूथ क्रमांक 237 मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पलारी एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ने कहा की 15 सितम्बर 1916 जन्म भूमि नगला चंद्रभान मथुरा में हुआ पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय एवं उनके माता रामप्यारी थी। वह भी अत्यंत धार्मिक पूजा पाठ मानने वाली माता थी। उपाध्याय जी का मृत्यु 11 फरवरी 1968 मुगलसराय में हुआ। महान राष्ट्र आराधक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता एवं हमारे पथ-प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी थे उनके जयंती पर कोटि कोटि नमन करता हूं। इस अवसर अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल पलारी के मंत्री पीकेन्द्र साय, माखन सेन, नारायण यादव, मनी राम यादव, अमृत चरण निराला, पूर्व पंच रामलाल धीवर, हरिचन्द्र साहू, ग़ेदू राम साहू उपस्थित थे।

पलारी कालेज में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत



पलारी। बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। खेलकूद एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी समिति अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को बेहतर दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। सांसद प्रतिनिधि लोकेश यदु ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को अपनाने की बात कही। प्राचार्य आत्मा राम वर्मा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण जलहरे ने भी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन अजय कन्नौजे एवं स्मृति कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण लक्ष्मीनारायण जलहरे, कोमल देवांगन, बिरेंद्र कुमार, ईशाज्ञा मेश्राम, लकेश्वरी साहू, सोनम यादव, एकलव्य सिदार, दीप्ति वर्मा,अंजली साव, पार्वती कर्ष, डॉ अभिराम पाण्डे, डॉ राजेंद्र सूर्यवंशी, नीलम मारकंडे, हेमलता वर्मा, खेदारूराम पटेल, नरेंद्र शर्मा, सुमन पटेल, ओमप्रकाश साहू, ईशा पाठक, पूर्व छात्र परमेश्वर साहू, ही महाविद्यालय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जिले में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं और माताओं को किया सम्मानित



बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में शुक्रवार को 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम आगामी 7 अक्टूबर तक अलग अलग आंगनबड़ी केंद्रों मे आयोजित होगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र मे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी, कार्यकर्त्ता, सहायिका, मितानिन एवं माताओ को सम्मानित किया। इसके साथ ही बच्चों को कई तरह के खिलोने भी वितरित किया। इस दौरान महतारी वंदन योजना एवं पीएम आवास योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किया कि महतारी वंदन योजना से हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपए से उनके जीवन मे क्या बदलाव आया। पीएम आवास से पक्का मकान बनने से बारिश मे पानी टपकने से मुक्ति मिली। आंगनबाड़ी केंद्रों को रंगोली, आकर्षक सजावट एवं स्थानीय परिवेश से जुड़ी सामग्री से सजाया गया था। केंद्रों में स्वस्थ एवं पौष्टिक थाली के साथ-साथ स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। आंगन मिलन के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गीत, कविता, गिनती, एबीसीडी, खेल एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं।

समारोह में ये प्रमुख जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद : छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों से केंद्रों में उत्साह और उमंग बना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, एवं माताएं उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

सशिमं खरोरा में गणेश उत्सव पर हवन



खरोरा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में शुक्रवार, 25 सितंबर को गणेश उत्सव के अवसर पर भगवान श्री गणेश का हवन एवं आरती कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों तथा आचार्य-दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय परिसर में आयोजित हवन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन कुंड में आहुति अर्पित की। आचार्य-आचार्याओं के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के बीच विद्यार्थियों ने भगवान गणेश का पूजन किया और सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे।
हवन एवं आरती के पश्चात भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भैया-बहनों ने उत्साह के साथ विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी पाटकर, कार्यालय प्रमुख आचार्य मूलशंकर मनहरे सहित समस्त आचार्य एवं दीदियां उपस्थित रहे। गणेश उत्सव के अवसर पर खरोरा तथा आसपास के गांवों में स्थापित गणपति पंडालों में भी हवन एवं पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित गणपति पूजन में हिस्सा लिया।

गीतेश्वरी को मिला बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का भरोसा



बलौदाबाजार। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत सहारा बन रही हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। ग्राम बगबुडवा की गीतेश्वरी वर्मा पति सुखनाथ वर्मा भी इसका लाभ लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त कर रही हैं। गीतेश्वरी वर्मा डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल पहुंची थीं। यहां उन्हें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की पूरी सुविधा निःशुल्क मिली। अस्पताल में उपचार के साथ-साथ उनके रहने और भोजन की भी अच्छी व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें इस महत्वपूर्ण समय में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। गीतेश्वरी वर्मा ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आम लोगों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है, यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय बिना आर्थिक चिंता के इलाज की सुविधा मिलना गरीब और सामान्य परिवारों के लिए बड़ी राहत है। आयुष्मान कार्ड जैसी स्वास्थ्य योजनाओं से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उपचार के खर्च की चिंता से राहत मिल रही है और उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

11 दिनों तक घर-घर विराजे विघ्नहर्ता गणेश, बारिश के बीच गूंजे जयकारे और भक्ति गीत

गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ, नम आंखों से बच्चों ने दी बप्पा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ... के जयघोष से शुक्रवार को पूरा अंचल गूंजायमान रहा। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घरों में ग्यारह दिनों से विराजित विघ्नहर्ता भगवान गणेश की छोटी-छोटी प्रतिमाओं का श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर तालाबों में विसर्जन किया। इस दौरान विशेष रूप से बच्चों में गणेश विसर्जन को लेकर उत्साह और भावुकता देखने को मिली। जिन बच्चों ने श्रद्धा के साथ अपने घरों में गणेश प्रतिमा विराजित की थी, उन्होंने ही बप्पा को नम आंखों से विदाई दी।

सुबह से ही घरों में गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। हवन-पूजन के बाद परिवार के सदस्य और बच्चे ढोल-मृदंग, घंटी तथा अन्य वाद्ययंत्रों के साथ गणेश प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थल की ओर निकले। रास्तेभर एक, दो, तीन, चार, गणेश जी की जय-जयकार, जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा, माता पार्वती और महादेव की जय तथा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे।

प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन

दिनभर बारिश होने के बावजूद बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ। कई बच्चे बारिश में भीगते हुए अपने हाथों में छोटी गणेश प्रतिमा लेकर बप्पा को विदाई देने पहुंचे। विसर्जन के दौरान बच्चों के चेहरों पर जहां उत्साह दिखाई दे रहा था, वहीं बप्पा को विदा करते समय उनकी आंखें नम भी नजर आईं। बच्चों ने अगले वर्ष भगवान गणेश के फिर से घर आने की कामना के साथ प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया। विशेष रूप से गणेश विसर्जन के समय शिवांश, आयांश, अंशी, अप्पू, शिबू, दिव्यांश, सीतु, बिना, नीलु, नीतू, मुस्कान, पूजा, चंपा, राघव, ओम ने गणपति बप्पा को नम कोशिश विदाई दिए एवं अपनी कुशल सिंह की प्रार्थना की साथ ही साथ जल्दी वापस आने की भी निवेदन किया। गौरतलब है कि गणेशोत्सव के दौरान घर-घर छोटे आकार की गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।



जयकारों के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हिरमी रावन। अंचल के हिरमी, मोहरा, भालेसूर, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में ग्यारह दिनों तक भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना के बाद अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हवन, पूर्णाहुति एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। हिरमी स्थित ज्ञानोदय विद्यालय में गणेश उत्सव के दौरान पूरे ग्यारह दिनों तक धार्मिक आयोजन हुए। अनंत चतुर्दशी पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिलेश्वर मढ़रिया ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं से हवन कुंड में आहुतियां समर्पित कराईं। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। हवन के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश को प्रसाद का भोग लगाया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। विसर्जन के दिन मौसम खराब रहा और रुक-रुककर बारिश होती रही। इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।



ग्राम छड़िया में बप्पा को दी गई विदाई

खरोरा। ग्राम पंचायत छड़िया में 11 दिनों से विराजमान विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश को शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और भावुक वातावरण के बीच विधि-विधान से विदाई दी गई। घर-घर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप जल विसर्जन किया गया। बप्पा की विदाई के अवसर पर श्रद्धालुओं की आँखें नम रहीं और पूरा वातावरण "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष से गूंज उठा। सुबह से ही श्रद्धालु अंतिम पूजन की तैयारियों में जुटे रहे। भगवान श्रीगणेश का पंचोपचार पूजन, महाआरती, नैवेद्य अर्पण एवं प्रसाद वितरण के साथ परिवारों ने सुख, शांति, समृद्धि और ग्राम की खुशहाली की मंगलकामना की। प्रत्येक परिवार ने श्रद्धापूर्वक अपने घर में विराजित बप्पा का आशीर्वाद लेकर उन्हें विदाई दी। इसके उपरांत ग्रामीण अपने-अपने परिवार के साथ



प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल लेकर पहुँचे, जहाँ शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में जल विसर्जन की परंपरा निभाई गई। विसर्जन के दौरान ग्रामीणों ने अच्छी वर्षा, भरपूर फसल, निरोग जीवन और क्षेत्र की समृद्धि के लिए भगवान श्रीगणेश से प्रार्थना की।गौरतलब है कि 11 दिवसीय गणेश महोत्सव के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती, धार्मिक अनुष्ठान एवं सामूहिक भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

बगबुड़ा में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

बगबुड़ा। गणेशोत्सव के समापन अवसर पर बगबुड़ा, लवन अंचल में गणेश प्रतिमाओं का विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाकर श्रद्धालु विसर्जन स्थल तक पहुंचे। जगह-जगह गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कई स्थानों पर विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गणेशोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद भक्तों ने नम आंखों से प्रथम पूज्य भगवान गणेश को विदाई दी। इस अवसर पर मुकेश कुर्रे, दवेश कुर्रे,राजेश डहरिया, महेश कुर्रे, अशोक कुर्रे, कृष्णा कुर्रे, पुनेशवर डहरिया, अनिल कुर्रे, थनुजय, पंकज, युवराज, सुरज, चन्द्रप्रकाश, कैलाश, उमेश, नानेश्वर, समीर, आकाश, अखिल, दिपेश, प्रवीण, राज व समस्त वार्डवासी बड़ी संख्या उपस्थित रहे।





डीके कॉलेज की सरस्वती साहू को मिला राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार की एनएसएस स्वयंसेविका सरस्वती साहू को राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एनएसएस स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सरस्वती साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता, सामाजिक सेवा, नशामुक्ति एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी सक्रियता और सेवा भावना को देखते हुए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। एनएसएस स्थापना दिवस 24 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय सभागार में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उच्च शिक्षा मंत्री जी टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी ने उन्हें पुरस्कृत किया। सरस्वती साहू की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धनंजय मिश्र, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय औधेलिया,प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें एवं शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सरस्वती साहू की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

नवनियुक्त डीईओ शिव कुमार से मिला सर्व आदिवासी समाज का प्रतिनिधिमंडल



बलौदाबाजार। नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार गेंदले से सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।
इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्री गेंदले के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के हित में सकारात्मक एवं प्रभावी कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, महिला प्रभाग की जिला सचिव राधा ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष मनोहर मंडावी, जिला सचिव थानू ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, समाजसेवी दयाराम ध्रुव एवं बलौदाबाजार ब्लॉक उपाध्यक्ष कैलाश ध्रुव उपस्थित रहे।

बगदाई माता और सिद्धेश्वर मंदिर क्षेत्र में लगे पोल, स्ट्रीट लाइट से जगमग होंगे वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



नगर पंचायत पलारी में धार्मिक स्थलों एवं वार्डों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में विद्युत व्यवस्था के विस्तार का कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 01 में फत्ते कन्नौजे के घर से बगदाई माता मंदिर तक दतान रोड पर विद्युत पोल स्थापना एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए नगर पंचायत ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि बगदाई माता मंदिर नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर क्षेत्र एवं आसपास के लोगों की आवश्यकता को देखते हुए यहां विद्युत पोल एवं विद्युतीकरण कार्य को प्राथमिकता दी गई है। अध्यक्ष निधि से आवश्यक व्यवस्था कराते हुए कार्य को आगे बढ़ाया गया है। बगदाई माता मंदिर तक विद्युत सुविधा पहुंचने से क्षेत्रवासियों के साथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया कि उनके निवेदन पर सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में भी विद्युत पोल एवं केबलिंग का कार्य कराया गया है। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में आवश्यकता के अनुसार केबलिंग एवं विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के साथ प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर पंचायत की प्राथमिकता है।

- नगर पंचायत पलारी में विद्युत व्यवस्था का विस्तार

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि बगदाई माता मंदिर तक रोशनी पहुंचना क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। नगर पंचायत द्वारा इसे प्राथमिकता से आगे बढ़ाया गया है।
सिद्धेश्वर मंदिर सहित विभिन्न वार्डों में विद्युत व्यवस्था मजबूत होने से लोगों को सुविधा मिलेगी। नगर की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य लगातार आगे बढ़ाए जा रहे हैं।

विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग से चर्चा

नगर की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने सहायक अभियंता तुषार शुभ्र विश्वास से मुलाकात की। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में विद्युत संबंधी समस्याओं, आवश्यक स्थानों पर ट्रांसफार्मर की जरूरत तथा अन्य विद्युत व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष गोपी साहू ने नगरवासियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण एवं आवश्यक विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सहायक अभियंता तुषार शुभ्र विश्वास ने समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर देखने और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर श्रद्धापूर्वक किया गया माल्यार्पण



बलौदाबाजार। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आज बाजार चौक स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रवेश द्वार पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्रसेवा, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा, समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान और अंत्योदय के लिए समर्पित रहा।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ◆ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ◆ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ◆ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ◆ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ◆ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ◆ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ◆ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ◆ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ◆ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ◆ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ◆ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ◆ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740